दादा जी

गाड़ी की आवाज सुनकर बच्चे घर से बाहर आए। दादा जी आए,पौधे लाए– बच्चे चिल्लाए। पौधे उतारे गए।

सारे बच्चे– प्रणाम दादा जी।

दादा जी– खुश रहो बच्चो।

गोलू– किस–किस चीज के पौधे लाए हैं दादा जी ?

दादा जी– आम, नीम, जामुन और कटहल के गोलू।

नीलू– हम सब मिलकर पौधे लगाएँगे।

दादा जी – हाँ, सब लगाना।

गोलू– इन पौधों पर तो बहुत दिन बाद फल आएँगे दादा जी?

दादा जी– आज जिनके फल हम खाते हैं उन पेड़ों को भी तो किसी ने लगाया ही होगा।

सभी बच्चे– जी दादा जी। हम इनमें रोज पानी डालेंगे। खूब देखभाल करेंगे।

दादा जी– शाबाश मेरे बच्चो!

अभ्यास

1. बताओ–

क. अपने आस–पास के पाँच पेड़ों के नाम।

ख. पेड़ हमारे किस–किस काम आते हैं?

ग. पौधे लगाते समय किन बातों का ध्यान रखना होता है?

2. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो –

क. गड्ढे में पौधा............ लगाना चाहिए। (टेढ़ा / सीधा)

ख. पौधों की देखभाल करना.............है। (जरूरी / जरूरी नहीं)

ग. हर काम केवल अपने लिए......किया जाता है। (ही / ही नहीं)

3. चित्र को देखकर बताओ–

- बच्चे क्या कर रहे हैं ?...
- क्यों कर रहे हैं ? ....



बच्चों से वृक्षों के महत्त्व पर चर्चा करें। विद्यालय में पौधे लगवाएँ। देखभाल को समिति बनाएँ।